# आनंदालय
## वार्षिक परीक्षा
### कक्षा : **ग्यारहवीं**

विद्या सर्वार्थ साधिका

| | |
|---|---|
| विषय: हिंदी | अधिकतम अंक : 80 |
| दिनांक: 10-03-2023 | निर्धारित समय : 3:00 घंटे |

सामान्य और आवश्यक निर्देश-
1. प्रश्न पत्र दो खण्ड हैं - 'अ' और' 'ब' |
2. खंड 'अ' में छः वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं |
3. खंड 'ब' में आठ वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं | प्रश्नों के उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं |
4. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए |
5. दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
6. यथासंभव दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए |

खंड 'अ' बहुवैकल्पिक प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे वैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए - (1x10=10)

मित्रता को निभाना भी मुश्किल कार्य है। इसे ईर्ष्या, द्वेष, अपमान, तिरस्कार, उपहास मानसिक व हार्दिक संकीर्णता तथा संदेह से बचाना जरूरी है। दोस्ती की सौंधी-सी सुगंध से जीवन सराबोर रखना है, तो कुछ बातों को ध्यान में रखना होगा। मित्र ऐसा हो जो सही मार्गदर्शन कर सके, आपके लिए सही अर्थों में हमदर्द बन सके जो आपको नेक सलाह दे और आपके दुख दर्द में सम्मिलित हो सके। जो आपको निराशा और हताशा का शिकार ना बनने दे, बल्कि आशावाद और ऊर्जावान बनाने में सहायता करे। सच्चाई, ईमानदारी परस्पर साझेदारी प्रेम, विश्वास, निस्वार्थ भावना एक दूसरे के लिए हर पल सर्वस्व त्याग की भावना मित्रता को सफलता के उच्चतम पायदान पर पहुँचा देते हैं। अतः इनको ध्यान में रखें | मित्रता में धन को कभी ना आने दें, ऐसा वक्त आने पर सभी संबंधों को तोड़ने में अहम् भूमिका अदा करता है।

दोस्ती में कभी भी झूठ नहीं बोलना चाहिए, दोस्ती जहाँ तक संभव हो अपनी बराबरी वालों से ही करनी चाहिए अन्यथा कभी-कभी बातों में किसी प्रकार का अहम् मित्रता को जार जार कर सकता है।

सच्ची मित्रता में एहसान और मेहरबानी का कोई स्थान नहीं होता, सिर्फ मित्रता होती है। ऐसी-वैसी कोई बात घटित हो जाए तो उसका जिक्र तीसरे के सामने नहीं करें संदेह व अविश्वास को कभी पनपने ही ना दें।

मित्रता कितनी भी अटूट वह घनिष्ठ क्यों ना हो, कभी भी मित्र को किसी गलत कार्य के

लिए प्रेरित या उत्साहित ना करें। यदि किसी परिस्थितिवश या अन्य कारण विशेष से वह कोई अनैतिक किया गलत राह पर जा रहा हो तो तत्काल मार्ग प्रशस्त करें व नेक सलाह व उचित मार्गदर्शन दें।

(क) मुश्किल कार्य क्या है?
(i) मित्रता को निभाना (ii) मित्रता करना (iii) उपरोक्त दोनों (iv) उपरोक्त में से कोई नहीं

(ख) मित्रता को किससे बचाना आवश्यक है?
(i) ईर्ष्या द्वेष से (ii) अपमान तिरस्कार (iii) उपहास मानसिक संकीर्णता (iv) उपरोक्त सभी

(ग) मित्र कैसा होना चाहिए?
(i) जो सही मार्गदर्शन कर सके (ii) हमदर्द हो नेक सलाह दे
(iii) हताशा व निराशा से बचाए (iv) उपरोक्त सभी

(घ) मित्रता के मध्य किसे नहीं आने देना चाहिए?
(i) धन (ii) विश्वास (iii) त्याग की भावना (iv) उपरोक्त में से कोई नहीं

(ङ) सच्चा मित्र कौन है?
(i) जो सही गलत हर कार्य में साथ दे (ii) जो अपने मित्र को सही कार्य करने की प्रेरणा दे
(iii) जो मित्र को उसकी कमियाँ बताएँ (iv) 'ख' और 'ग' दोनों

(च) मित्रता को सफल बनाने वाले गुण कौन से हैं?
(i) सच्चाई, ईमानदारी, त्याग की भावना (ii) प्रतिस्पर्धा की भावना
(iii) संदेह की भावना (iv) उपरोक्त में से कोई नहीं

(छ) परिस्थिति शब्द में उपसर्ग है ?
(i) पर (ii) परि (iii) प्र (iv) पर्

(ज) निम्नलिखित विलोम शब्द के युग्म में गलत युग्म का चयन कीजिए ?
(i) सुगंध-खुशबू (ii) नैतिक-अनैतिक (iii) अविश्वास-विश्वास (iv) मित्रता-शत्रुता

(झ) मित्रता शब्द है ?
(i) विशेषण (ii) भाववाचक संज्ञा (iii) क्रिया (iv) क्रिया विशेषण

(ञ) गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक का चयन कीजिए ?
(i) मित्र (ii) मित्रता (iii) मित्र का त्याग (iv) उपरोक्त में से कोई नहीं

2. निम्नलिखित पद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए - (1x5=5)

कोई खंडित , कोई कुंठित,

कृष बाह् , पसलियाँ रेखांकित,
टहनी से टाँगे, बढ़ा पेट,
टेढ़े-मेढ़े विकलांग घृणिता
विज्ञानं चिकित्सा से वंचित,
ये नहीं धात्रियों से रक्षित ,
ज्यों स्वास्थ्य सेज हो, ये सुख से ,
लौटते धूल में चिर परिचित!
पशुओं-सी भीत मुक्त चितवन,
प्राकृतिक स्फूर्ति से प्रेरित मन,
तृण तरुओं से उग-बढ़ , झर-गिर
ये ढोते जीवन क्रम के क्षण !
कुल मान ना करना इन्हें वहन,
चेतना ज्ञान से नहीं गहन ,

(क) काव्यांश आपके अनुसार किस विषय पर लिखा गया है
(i) गाँव के बच्चों में कुपोषण की समस्या (ii) गाँव के बच्चों में चेतना ज्ञान का अभाव
(iii) गाँव में चिकित्सा सुविधाओं का अभाव (iv) गाँव के बच्चों की दयनीय दशा का वर्णन

(ख) दूसरे पद में कवि कह रहा है कि
(i) गाँव में विज्ञान की शिक्षा नहीं दी जा रही है
(ii) गाँव में शिशु जन्म हेतु पर्याप्त दाइयां नहीं है
(iii) गाँव में बच्चे स्वास्थ्य के प्रति सजग रहकर शारीरिक व्यायाम कर रहे हैं
(iv) गाँव में बच्चे अपने मित्रों के साथ धूल में कुश्ती जैसे खेल खेल रहे हैं

(ग) गाँव के बच्चों की स्थिति कैसी है-
(i) कुपोषित, खिन्न तथा अशिक्षित हैं।
(ii) क्षीणकाय, किंतु कुल के मान का ध्यान करने वाले हैं।
(iii) पशुओं की तरह प्राकृतिक वातावरण में रहते हुए पूर्ति से भरे हुए हैं।
(iv) पशुओं की तरह बलिष्ठ परंतु असहाय व मूर्ख हैं।

(घ) काव्यांश में कवि का रवैया कैसा प्रतीत होता है -
(i) वे बच्चों की दशा के विषय में व्यंग्य कर मनोरंजन करना चाह रहे हैं।
(ii) वह बच्चों की दशा की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं।
(iii) वह तटस्थ रहकर बच्चों की शारीरिक व मानसिक दशा का वर्णन कर रहे हैं।
(iv) वे बच्चों की शारीरिक व मानसिक दशा से संतुष्ट प्रतीत होते हैं।

(ङ) "तृण तरुओं से उग-बढ़" इस पंक्ति का अर्थ है ? -

(i) घास फूस की तरह हल्के हैं इसलिए तिनकों की तरह उड़ रहे हैं।

(ii) पौधों तथा घास की तरह बिना कुछ खाए पिए बढ़ रहे हैं ।

(iii) घास तथा पौधों की तरह पैदा हो रहे हैं तथा मर रहे हैं।

(iv) प्राकृतिक वातावरण में घास व पौधों की तरह फल-फूल रहे हैं।

3. निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए - (1x5=5)

(क) 'जब संकेतों से बात समझाई जाए' यह संचार का कौन सा प्रकार है ?

(i) मौखिक संचार (ii) अंतः व्यक्ति संचार (iii) सांकेतिक संचार (iv) अंतर वैयक्तिक संचार

(ख) रेडियो का आविष्कार किसने किया?

(i) दादा साहब फाल्के (ii) जी मार्कोनी (iii) थॉमस अल्वा एडिसन (iv) राइट ब्रदर्स

(ग) हिंदी का प्रकाशित होने वाला पहला सप्ताहिक पत्र था?

(i) कर्मवीर (ii) केसरी (iii) उदंत मार्तंड (iv) सरस्वती

(घ) संचार प्रक्रिया में प्राप्त संदेश में निहित अर्थ को समझने की कोशिश क्या कहलाती है -

(i) इनकोडिंग (ii) रिकॉर्डिंग (iii) फीडबैक (iv) संदेश

(ङ) 'एक साहित्यकार की डायरी' किसकी रचना है?

(i) गजानन माधव 'मुक्तिबोध' (ii) राहुल सांकृत्यायन (iii) ऐनी फ्रैंक (iv) रामवृक्ष बेनीपुरी

4. निम्नलिखित पद्यांश के नीचे लिखे वैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए - (1x5=5)

मेरे तो गिरधर गोपाल, दूसरो न कोई,
जा के सर मोर-मुकुट, मेरो पति सोई |
छांड़ी दई कुल की कानि, कहा करिहै कोई ?
शैतान ढिग बैठी-बैठी, लोक-लाज खोयी |
अंसुवन जल सींचि-सींचि, प्रेम-बेली बोयी,
अब टी बेलि फैलि गयी, आनंद-फल होई |
दूध की मथनियाँ बड़े प्रेम से बिलोयी,
दधि मथि घृत काढ़ि लियो , दारी दयी छोयी |
भगत देखि राजी ह्यी, जाट देखि रोयी,
दासी मीरां लाल गिरधर! तारो अब मोही |

(क) कवयित्री को कृष्ण का स्वरुप सुशोभित लगता है -
(i) गिरिवरधारी की (ii) मनमोहन की (iii) मोर-मुकुट की (iv) गोपाल की

(ख) मीरा ने समाज को क्या चुनौती दी ?
(i) मैंने साधुओं का आशीर्वाद लिया
(ii) पारिवारिक मानमर्यादा परित्याग कर दिया प्रभु के लिए
(iii) मैंने अपना परिवार त्याग दिय क्योंकि मुझे पसंद नहीं था
(iv) मैंने कृष्ण को मोहित कर लिया, क्या तुम लोग करसकते थे

(ग) मीरा किसको देखकर रो पड़ती थी ?
(i) अपने परिवार को (ii) अपने पति को (iii) संसार को (iv) अपने आप को

(घ) मीरा किसे देखकर प्रसन्न हो उठती हैं -
(i) भक्त को (ii) कृष्ण को (iii) राधा को (iv) प्रभु-भक्त को

(ङ) 'बैठी-बैठी और सींचि-सींचि' में अलंकर है -
(i) अनुप्रास (ii) पुनरुक्ति प्रकाश (iii) यमक (iv) उपमा

5. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे वैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए - (1x5=5)

माई लार्ड का देश देखने का इस दिन ब्राह्मणों को कभी इस जन्म में सौभाग्य नहीं हुआ | इससे नहीं जानता कि वहाँ बिछड़ने के समय लोगों का क्या भाव होता है | पर इस देश के पशु-पक्षियों को भी बिछड़ने के समय उदास देखा है | एक बार शिवशंभू के दो गाय थी उनमें एक अधिक बलवाली थी | वह कभी-कभी अपने सींगों की टक्कर से दूसरी कमजोर गाय को गिरा देती थी | एक दिन वह टक्कर मारने वाली गाय पुरोहित को दे दी गई | देखा कि दुर्बल गाय उसके चले जाने से प्रसन्न नहीं हुई , वरंच उस दिन वह भूखी खड़ी रही , चारा छुआ तक नहीं | माई लाॅर्ड ! जिस देश के पशुओं के बिछड़ते समय यह दशा होती है, वहाँ मनुष्यों की कैसी दशा हो सकती है, इसका अंदाज़ लगाना कठिन नहीं है |

(क) माई लार्ड कहाँ के रहने वाले थे ?
(i) भारत के (ii) जर्मनी के (iii) अमेरिका के (iv) इंग्लैण्ड के

(ख) लेखक ने भारत के पशु-पक्षियों को भी बिछड़ने के समय देखा है -
(i) खुश देखा है (ii) मौन देखा है (iii) उदास देखा है (iv) रोते देखा है

(ग) पुरोहित को गाय किसने दी थी ?
(i) शम्भू ने (ii) शिवशंभू ने (iii) शम्भू दानी ने (iv) शंकर किसान ने

(घ) 'चारा' कौन सी गाय ने नहीं छुआ ?

(i) कमज़ोर गाय ने (ii) बलवाली गाय ने (iii) सबल गाय ने (iv) किसी गाय ने नहीं

(ङ) निबंध के निबंधकार हैं -

(i) प्रेमचंद (ii) कृष्णा सोबती (iii) मन्नू भंडारी (iv) बालमुकुन्द गुप्त

6. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए - (1x10=10)

(क) बेबी हालदार के कितने बच्चे थे -

(i) एक (ii) दो (iii) तीन (iv) चार

(ख) 'आलो अंधारी'के रचनाकार हैं -

(i) बेबीलोन (ii) बेबी हरा (iii) बेबी हालदार (iv) बेबी जोंसन

(ग) लेखिका का विवाह किस उम्र में हुई ?

(i) 9 (ii) 10 (iii) 11 (iv) 13

(घ) लेखक कुमर गन्धर्व ने सबसे पहले लता की आवाज़ कहाँ सुनी थी ?

(i) टेलीविजन पर (ii) रेडिओ पर (iii) फिल्म में (iv) लाइव कार्यक्रम में

(ङ) लता से पूर्व किस प्रसिद्ध गायिका का जमाना था ?

(i) नूरजहाँ (ii) सुरैया (iii) उषा मंगेश्करकर (iv) समशाद वेगम

(च) कुईं की कितनी गहरी खुदाई हो चुकी थी ?

(i) बीस-तीस हाथ (ii) तीस-पैंतीस हाथ (iii) पच्चीस-तीस हाथ (iv) पन्द्रह-बीस हाँथ.

(छ) चेलवांजी अपने सिर पर किस प्रकार का टोप पहनते हैं?-

(i) काँसे का (ii) पीतल का (iii) किसी अन्य धातु का (iv) उपरोक्त में से कोई एक

(ज) लेखक के अनुसार लता के गाने में किस तरह के कोष देखे जाते हैं ?

(i) मुग्ध श्रृंगार की अभिव्यक्ति वाले मध्य या द्रुत लय में गाना |

(ii) अधिकतर गाने ऊँची पट्टी में गाना |

(iii) क और ख दोनों |

(iv) इनमें से कोई नहीं |

(झ) भारतीय पौराणिक कथाओं के अनुसार, धूम्रवर्ण ________ का अवतार है-

(i) विष्णु (ii) शिव (iii) गणेश (iv) हनुमान

(ञ) हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की निम्न शैलियों में से किसके साथ गुंडेचा भाई जाने जाते है

(i) ख्याल (ii) थराना (iii) ध्रुपद (iv) ठुमरी

**खंड - ब** (वर्णनात्मक प्रश्न)

7. दिए गए चार अप्रत्याशित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेखन कीजिए - (1x5=5)

(क) शिक्षा का गिरता स्तर
(ख) विकास पथ पर भारत
(ग) बाल विवाह एक अभिशाप
(घ) बढ़ाती भौतिकता घटते मानवीय मूल्य

8. विद्यालय की पत्रिका में अपनी रचना छपवाने के लिए छात्र संपादक प्रभारी को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए | (1x5=5)

**अथवा**

आपका नाम कविता/अतुल है और आप आनंदलय विद्यालय की छात्रा है। आपके परिवार की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। अतः आप छात्रवृत्ति (वज़ीफ़ा / स्कालर शीप) के लिए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए |

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए - (2x2=4)

(क) किसी भी दैनिक अखबार में राजनीतिक खबरें ज्यादा स्थान क्यों घेरती हैं? इस पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

**अथवा**

नेता द्वारा किए गए चुनाव प्रचार के दौरान 'चुनावी वायदा' पर संक्षिप्त फीचर लेखन।

(ख) पीत पत्रकारिता किसे कहते हैं ? सोदाहरण उत्तर लिखिए |

**अथवा**

खोजपरक पत्रकारिता किसे कहते हैं ? सोदाहरण लिखिए |

10. निम्नलिखित स्ववृत्त लेखन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (2x2=4)

(क) सर्वोदय बाल विद्यालय गोल मार्केट दिल्ली में हिंदी विषय पी.जी.टी. शिक्षक का पद रिक्त है। विज्ञापन के अनुसार अपनी योग्यता का विवरण प्रस्तुत करते हुए शिक्षा निदेशक को आवेदन पत्र प्रस्तुत करें। (लगभग 40 शब्दों में )

(ख) स्ववृत्त से आप क्या समझते हैं ?

11. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में दीजिए - (3x2=6)

(क) 'सबसे खतरनाक' कविता का प्रतिपाद्य बताइए ।

(ख) कवयित्री शिव का क्या संदेश लेकर आई है ?

(ग) घर से अलग होकर आप घर को किस तरह से याद करेंगे ? लिखिए ।

12. काव्य खंड पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर (लगभग 60 शब्दों में) लिखिए | (3x2=6)

(क) कबीरदास जी संसार को पागल क्यों कहते हैं ?

(ख) "न हो कमीज तो पाँवों से पेट ढक लेंगे,......कोई हसीन नजारा तो है नजर के लिए।" इन पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ग) चंपा के नटखट स्वभाव का उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए।

13. गद्य खंड पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर (लगभग 60 शब्दों में) (3x2=6)

(क) 'नमक का दारोगा' कहानी सद्गुणों के प्रभाव की कहानी है, कैसे ?

(ख) लेखिका ने जब मियाँ से पूछा कि कारीगर लोग "क्या आपकी शागिर्दी करते हैं ?" तो मियाँ नसीरुद्दीन ने क्या जवाब दिया ?

(ग) पथेर पांचाली फ़िल्म में इंदिरा ठकुराइन की भूमिका निभाने वाली अस्सी साल की चुन्नीबाला देवी ढाई साल तक काम कर सकीं। यदि आधी फ़िल्म बनने के बाद चुन्नीबाला देवी की अचानक मृत्यु हो जाती तो सत्यजित रे क्या करते ?

14. गद्य खंड पर आधारित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर (लगभग 40 शब्दों में) (2x2=4)

(क) रमेश द्वारा मोहन के पिता को क्या आश्वासन दिया गया था ?

(ख) यदि रजनी को प्रधानाध्यापक का सहयोग मिल जाता तो क्या परिणाम हो सकते थे ?

(ग) 'जामुन का पेड़' में आए किन्हीं दो करुणापूर्ण दृश्यों को अपने शब्दों में उल्लेख कीजिए ।